Hsslive.in
www.hsslive.in

Reg. No. : ....................................

Name : ..........................................

**ME-505**

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION, MARCH 2022**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

## PART – I

**(अ) 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें ।** **(4 × 1 = 4)**

1. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' के रचयिता कौन हैं ?

   (एकांत श्रीवास्तव, अमृता प्रीतम, हिमांशु जोशी)

2. 'सूरीनाम में पहला दिन' किस विधा की रचना है ?

   (आत्मकथा, कहानी, सफ़रनामा)

3. मातृभूमि का आभूषण क्या है ?

   (सूर्य-चंद्र, फूल-तारे, खग-वृंद)

4. "माँ, यह मुरकी और बुलाकी नाम तूने रखे थे ?" यह किसने पूछा ?

5. कैदी बाप ने किसको पत्र लिखा ?

6. 'सुतमुख देखि जसोदा फूली ।' यशोदा क्या देखकर फूली ?

**(आ) 7 से 10 तक के प्रश्नों में से सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न का 1 स्कोर ।** **(4 × 1 = 4)**

7. "पुराना देवालय,
उसके निकट है कुमुद-सरोवर"
यह किस कविता की पंक्ति है ?
(कुमुद फूल बेचनेवाली लड़की, आदमी का चेहरा, हाइकू)

Hsslive.in
www.hsslive.in

8. 'वह भटका हुआ पीर' किसको पानी पिलाता है ?
(यात्रियों को, माँ को, पिताजी को)

9. कुली की लाल कमीज़ पर क्या टँका हुआ था ?
(नाम पट्टी, नंबर, टाई)

10. "मैं इन्हें मजे में कई घंटे जीवित रख सकता हूँ ।" यह किसने कहा ?
(अनंग जी के मित्र, पत्नी, बेटा)

## PART – II

**(अ) 11 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 2 स्कोर ।** **(3 × 2 = 6)**

11. "अब यहाँ न वह लालकिला है, और न पहरेदार । बस, लकड़ी का एक पुराना-सा मकान है" .....
जेल का कैसा वर्णन बादशाह ने किया है ?

12. "सूरीनाम में हिंदी के प्रचार-प्रसार में, हिंदी को आम आदमी तक पहुँचाने में हिंदी फिल्मों तथा संगीत का भी विशेष योगदान रहा है।" हिंदी के प्रचार-प्रसार के बारे में लेखक क्या कहते हैं ?

13. "ज़मीन का खरीदार मिला – बारह हज़ार प्रति एकड़ की दर से – जैसा कि अनुमान था। कुछ और कीमत आ सकती थी मगर मजबूरी का फ़ायदा सभी उठाते हैं।" लेखक के इस कथन का तात्पर्य क्या है ?

14. "बाप ने अपने गाँव में कहीं इसका रिश्ता कर दिया। बाप ने जब बात पक्की की, यह रात ही रात में एक शहरी लड़के के साथ भाग गई।" मुरकी शहरी लड़के के साथ क्यों भाग गई ?

15. मेरी जीत, तेरी जीत
तेरी हार, मेरी हार –
सच्ची दोस्ती कैसी होनी चाहिए ?

Hsslive.in
www.hsslive.in

**(आ) 16 से 18 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें। प्रत्येक प्रश्न के 2 स्कोर।** **(2 × 2 = 4)**

16. सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| (क) यात्रियों को पानी पिलाना | • कुमुद फूल बेचनेवाली लड़की |
| (ख) फूल बेचनेवाली लड़की | • वह भटका हुआ पीर |
| | • दवा |

17. पात्र से संबंधित सही प्रस्ताव चुनें।

| | |
|---|---|
| (क) कुली | • घंटे-भर के मेहमान |
| (ख) अनंग | • यात्री को पानी पिलाना |
| | • लाल कमीज़ पर नंबर |

18. 'तू पानी पिलाया कर, पुण्य मिलता है।' ...... 'मुझे तो पुण्य मिल ही गया।' स्कूटरवाले से माँ का उपदेश क्या था ?

## PART – III

**(अ) 19 से 23 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 4 स्कोर ।** **(3 × 4 = 12)**

19. ये कथन पढ़ें और बहादुर शाह ज़फर के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- तीन दफ़ा सुनने के बाद भी दिल को क़रार नहीं आया ।
- दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे । वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ ।

HSslive.in
www.hsslive.in

20. जीवनवृत्त पढ़ें और मैथिलीशरण गुप्त के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | मैथिलीशरण गुप्त |
| जन्म और जन्म-स्थान | : | 1885, उत्तर प्रदेश के चिरगाँव |
| प्रमुख रचनाएँ | : | साकेत, यशोधरा, पंचवटी |
| पुरस्कार | : | 1954 को पद्मभूषण |
| मृत्यु | : | 1965 |

21. पद पढ़ें और कृष्ण की बाललीलाओं का वर्णन करें ।

सुतमुख देखि जसोदा फूली ।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली ।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई ।
तनक तनक सी दूध की दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई ।।
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अघाई ।
'सूर' स्याम किलकत द्विज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई ।।

22. 'हनुमानचालीसा' तथा 'रामचरितमानस' आदि धर्मग्रंथों के माध्यम से भारत से जाते समय वे ले गए थे अपने साथ और जिसे उन्होंने तूफान के बीच दीये की तरह जलाए रखा ।' – सूरीनाम के गिरमिटिया श्रमिकों के बारे में एक टिप्पणी तैयार करें ।

23. 'मगर नींद के
खुलने के पूर्व ही नोटीस
बैंक की आ धमकी सपने में ।'
इन पंक्तियों का तात्पर्य क्या है ?

**(आ) 24 से 25 तक के प्रश्नों में से किसी 1 का उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 4 स्कोर ।** **(1 × 4 = 4)**

24. अंग्रेज़ी खंड का अनुवाद हिंदी में करें ।

Mother is a very special and important person for every child. She is the most precious gift of God for anyone. A child can see the world only because of her. She is a friend, guardian, guide and teacher to her child.

(special – विशेष, important – महत्त्वपूर्ण, precious – कीमती, gift – उपहार guardian – अभिभावक, guide – मार्गदर्शी)

Hsslive.in
www.hsslive.in

25. हाइकू पढ़ें और आशय लिखें ।

भादों सरसे
पर विरहिणी का
सूखा आँगन ।

## PART – IV

**(अ) 26 से 29 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 6 स्कोर ।** **(3 × 6 = 18)**

26. पति द्वारा उपेक्षित मुरकी किसी दयालु व्यक्ति से भाड़ा लेकर राजवंती के यहाँ आती है । इसके बारे में राजवंती और बेटे कुमार के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

- दशहरा का मेला देखने को जाना
- पति द्वारा उपेक्षित हो जाना
- एक दयालु की सहायता मिलना
- राजवंती के यहाँ लौट आना

27. "मैं ज़मीन नहीं बेचता

बेचता हूँ हृदय।"

बेटी की शादी के लिए पिता को ज़मीन बेचना पड़ता है। वह अपनी विवशता आत्मकथा में व्यक्त करता है। संकेतों के आधार पर पिताजी का आत्मकथांश लिखें।

- ज़मीन से गहरा संबंध
- पिता का दायित्व निभाना
- बेटी और ज़मीन की विदाई

28. आपके स्कूल में 14 सितम्बर को हिंदी दिवस का आयोजन हो रहा है। स्कूल के प्राचार्य (Principal) समारोह का उद्घाटन करेंगे। उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

Hsslive.in

www.hsslive.in

29. गद्यांश पढ़ें और संक्षेपण करें।

भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना। इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना। बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना। हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्त्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ। शायद ये हमारे लिए संभव न हो, पर जब तक लोगों की आँखों में आँसू हैं और वे पीड़ित हैं तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा। और इसलिए हमें परिश्रम करना होगा ताकि हम अपने सपनों को साकार कर सकें।

**(आ) 30 से 32 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें। प्रत्येक प्रश्न के 6 स्कोर।** **(2 × 6 = 12)**

30. सही मिलान करें :

| | | |
|---|---|---|
| Commerce | – | ऊर्जा |
| Atmosphere | – | गुरुत्वाकर्षण |
| Energy | – | उपग्रह |
| Gravitation | – | जीवाणु |
| Satellite | – | वाणिज्य |
| Bacteria | – | वायुमंडल |

31 कोविड-19 के लिए एक नयी दवा (Medicine) बाज़ार में आने वाली है। उसके लिए उचित विज्ञापन तैयार करें।

- रोग प्रतिरोधक
- 98% रोगों से प्रतिरक्षा
- कम दाम
- सभी के लिए उचित
- दुष्प्रभाव नहीं (No Side Effects)

32 संकेतों के आधार पर 'जल ही जीवन है' विषय पर लेख तैयार करें।

- हमारे जीवन में पानी का महत्त्व
- दूसरों को पानी पिलाना
- जल का संरक्षण

Hsslive.in
www.hsslive.in

## PART – V

**33 से 35 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें। प्रत्येक प्रश्न के 8 स्कोर।** **(2 × 8 = 16)**

33. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें।

जिसके रज में लोट-लोटकर बड़े हुए हैं।
घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं।
परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाए।
जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाए ।।
हम खेले-कूदे हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में।
हे मातृभूमि ! तुझको निरख, मग्न क्यों न हों मोद में ?

34. विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने के लिए सूरीनाम में पहुँचा लेखक अपने उस दिन की डायरी लिखता है। लेखक की डायरी तैयार करें।

- भारतीय शहर जैसे प्रतीत होना
- उद्घाटन समारोह
- हिंदी का प्रचार-प्रसार
- लोगों को हिंदी के प्रति प्रेम

Hsslive.in
www.hsslive.in

35. मुरकी के पिताजी ने अपने गाँव में कहीं मुरकी का रिश्ता कर दिया। यह खबर सुनते ही मुरकी अपने प्रेमी को एक पत्र लिखती है। वह पत्र तैयार करें।

- राजवंती के घर में आना
- किसी दूजे से शादी तय करना
- लड़कियों को बेचना
- प्रेमी के साथ भाग जाना